आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 15 अंक-293 • कटनी • मंगलवार, 30 नवम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • कृष्ण पक्ष-11 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## सेंसेक्स में 613 पॉइंट्स की तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज अच्छी खासी तेजी है। सुबह बाजार 12 पॉइंट्स की बढ़त के साथ 57,727 पर खुला था। इस समय यह 613 अंकों की तेजी के साथ 57,873 पर कारोबार कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 17,051 पर खुला था। इस समय इसमें 176 अंकों की तेजी है और यह 17230 पर कारोबार कर रहा है। इसने दिन में 17,197 का हाई बनाया जबकि 17,051 का निचला स्तर बनाया।

# जलवा भारतीयों के हाथ में डिजिटल दुनिया की कमान

## गूगल में सुंदर पिचाई का राज, माइक्रोसॉफ्ट की कमान सत्या नडेला के हाथ अब ट्विटर के सीईओ बने पराग अग्रवान

**नई दिल्ली।** सोमवार को ट्विटर के सीईओ पद से जैक डॉर्सी के इस्तीफा देने के बाद भारतवंशी पराग अग्रवाल को इस पद पर नियुक्त किया गया। वर्तमान में देखें तो डिजिटल दुनिया की कमान इस समय भारतीयों के हाथों में है। माइक्रोसॉफ्ट हो या फिर गूगल, एडोब हो या आईबीएम सभी कंपनियों में भारतीय के इशारे पर काम हो रहा है। अब इसमें नया नाम पराग अग्रवाल का जुड़ गया है। आइए जानते हैं इस सूची में और कौन-कौन भारतीय शामिल है, जो पूरी दुनिया में अपना डंका बजा रहा है।

दुनिया की सबसे प्रमुख सोशल मीडिया साइट्स में से एक ट्विटर के सह-संस्थापक जैक डॉर्सी ने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद इसकी कमान अब भारतीय मूल के पराग अग्रवाल के हाथों में आ गई है। पराग को ट्विटर का नया सीईओ नियुक्त किया है। इससे पहले पराग अग्रवाल कंपनी में चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (सीटीओ) के पद पर पदस्थ थे। उन्होंने 2011 में इंजीनियर के पद पर कंपनी ज्वाइन करने के बाद सीटीओ तक का सफर तय किया और अब सीईओ की कुर्सी पर बैठ गए हैं।



उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से इंजीनियरिंग और कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी की पढ़ाई की है।

विश्व के सबसे बड़े सर्च इंजन के सीईओ सुंदर पिचाई हैं। सुंदर पिचाई को साल 2015 में गूगल कंपनी का सीईओ नियुक्त किया गया था। आज गूगल में उनका आदेश माना जाता है। सुंदर पिचाई ने साल 2004 में उन्होंने गूगल को ज्वाइन किया था।

गूगल और ट्विटर के साथ ही सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में भी भारतवंशी के इशारे पर ही सब काम होता है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ पर भी भारतीय मूल के सत्या नडेला पदस्थ हैं। हैदराबाद में जन्मे नडेला 2014 में कंपनी के सीईओ नियुक्त किए गए थे और अभी तक इसी पद पर कार्यरत हैं।

दुनिया की जानी-मानी कंप्यूटर हार्डवेयर कंपनी आईबीएम में सीईओ का पद भारतवंशी अरविंद कृष्णा के हाथ में है। अरविंद का जन्म भारत के आंध्र प्रदेश में हुआ था और साल 2020 में उन्हें आईबीएम कंपनी का सीईओ बनाया गया था। पढ़ाई लिखाई की बात करें तो अरविंद कृष्णा ने आईआईटी कानपुर से अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है।

और भी कई बड़े नाम शामिल इनके अलावा और भी कई भारतवंशी ऐसे हैं जो दिग्गज कंपनियों में सीईओ बने बैठे हैं और भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें कैलिफोर्निया स्थित एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, वीएम वेयर के सीईओ रघु रघुराम का नाम भी शामिल है। अब पराग अग्रवाल का नाम इस सूची में जुड़ना निश्चित तौर पर भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है।

## मां तो मां ही है ...

## एक किमी तक पीछाकर तेंदुए के जबड़े से बेटे को बचा लाई



**सीधी।** तेंदुआ के गाल से मां अपने बेटे को बचा लाई। मां पर तेंदुआ ने दो बार वार किया है। इस घटना के बाद से आदिवासी क्षेत्र में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। साल भर के भीतर यह दूसरी घटना है। हालांकि इस दौरान दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में चल रहा है। इनकी हालत ठीक बताई गई है।बता दें संजय टाइगर बफर जोन टमसार रेंज अंतर्गत बाड़ीझरिया गांव में एक बैगा आदिवासी परिवार की किरण बैगा अपने बच्चों को ठंड से बचाने के लिए रविवार शाम सात बजे घर के सामने अलाव जलाकर तीन बच्चों के साथ बैठी हुई थी। इसी दौरान पीछे से अचानक तेंदुआ आ आया और बगल में बैठे 8 वर्षीय बेटे राहुल को मुँह में दबाकर जंगल की ओर भाग गया।

# 12 सांसदों के निलंबन सही विपक्ष ने किया वॉकआउट

## सभापति के निर्णय के बाद संसद में गांधी प्रतिमा के सामने विपक्ष का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस के दो सांसदों की ओर से आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों और महंगाई पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव नोटिस भेजा गया है। इसके अलावा 12 सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी दलों की बैठक 10 बजे से शुरू होगी। इस बैठक में टीएमसी शामिल नहीं होगी। विपक्षी नेताओं ने 12 सांसदों को राज्यसभा से निलंबित किए जाने के फैसले के खिलाफ मंगलवार को संसद परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के पास खड़े होकर प्रदर्शन किया। यह सांसद लोकसभा और राज्यसभा से वॉकआउट कर के बाहर जुटे थे। राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू की ओर से सांसदों के निलंबन को वापस न लिए जाने के बाद कांग्रेस समेत कई विपक्षी पार्टियों के सांसदों ने वॉकआउट कर दिया। राज्यसभा सभापति वेंकैया नायडू ने विपक्ष के 12 सांसदों का निलंबन वापस लेने की अपील को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि सभापति को कार्रवाई करने का अधिकार है और वह कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र का कड़वा अनुभव हमें आज भी याद है। उधर, एलओपी मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सांसदों पर की कई कार्रवाई का मुद्दा पिछले सत्र का है, तो इस पर अब निर्णय कैसे लिया जा सकता है।

### लोकसभा दो बजे तक स्थगित

कांग्रेस, डीएमके और नेशनल कांफ्रेंस के वॉकआउट के बाद लोकसभा को दो बजे तक स्थगित कर दिया गया है। 12 सांसदों के निलंबन पर विपक्षीय दलों की बैठक शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक, सभी निलंबित सांसद 12 बजे उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू से भी मुलाकात कर सकते हैं। उधर, राज्यसभा में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सांसदों का निलंबन करके सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सांसदों को अपना जवाब देने की अनुमति मिलनी चाहिए।

### पीएम मोदी की वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक

सांसदों के निलंबन से विपक्ष की नाराजगी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद पहुंच चुके हैं। पीएम मोदी संसद पहुंच कर वरिष्ठ मंत्रियों के साथ अहम बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के अलावा कई मंत्री मौजूद हैं।

## भारत में अब तक ओमिक्रोन को एक भी केस नहीं, लेकिन इस एक केस ने बढ़ाई चिंता



**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी का खतरा एक बार फिर बढ़ गया है। दक्षिण अफ्रीका से निकरा कोरना का नया वैरिएंट ओमिक्रोन या ओमीक्रोन अब 14 देशों में फैल चुका है। अच्छी बात यह है कि भारत में अब तक का एक भी केस सामने नहीं आया है। हालांकि कर्नाटक से डराने वाली खबर आ रही है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका से यहां लौटे दो नागरिकों की कोरोना रिपोर्ट आ गई है। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से लौटे दो लोगों में से एक का नमूना कोरोना के डेल्टा वैरिएंट से अलग लग रहा है। उनके मुताबिक, 63 वर्षीय व्यक्ति है जिसका नाम मुझे नहीं बताना चाहिए। उसकी रिपोर्ट थोड़ी अलग है। यह डेल्टा वैरिएंट से अलग प्रतीत होता है। हम आईसीएमआर अधिकारियों के साथ चर्चा कर विस्तृत जानकारी पता कर रहे हैं। इस बीच, दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी जारी की है और ओमिक्रोन को दुनिया के लिए बड़ा खतरा बताया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी चेतावनी के मुताबिक, शुरुआती सबूतों के आधार पर कहा जा रहा सकता है कि ओमाइक्रोन वैरिएंट से जोखिम बहुत अधिक है। यह गंभीर परिणामों के साथ पूरी दुनिया में फैल सकता है। स्वास्थ्य एजेंसी ने सदस्य राज्यों को जारी एक तकनीकी पत्र में कहा, काफी अनिश्चितताएं इस वैरिएंट को लेकर बनी हुई हैं जो पहली बार दक्षिणी अफ्रीका में मिला था।

## फटाफट खबरें



### कंगना को मिल रही जान से मारने की धमकियां

**कानपुर।** कंगना रणौत को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखने के बाद से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। जिसके बाद अभिनेत्री ने इसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। इसकी जानकारी कंगना ने इंस्टाग्राम पर दी है। साथ ही एफआईआर की कॉपी भी साझा की है। कंगना ने गोल्डन टैंपल की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए बताया है, %मुंबई में हुए आतंकी हमले के शहीदों को याद करते हुए मैंने लिखा था कि गद्दारों को कभी माफ नहीं करना, ना ही भूलना। इस तरह की घटना में देश के अंदरूनी देशद्रोही गद्दारों का हाथ होता है।

देखें पेज 7 भी

### मुंबई दौरे पर ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे की तबीयत खराब

**मुंबई।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज से दो दिवसीय मुंबई दौरे पर हैं। इस दौरान वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और एनसीपी के शरद पवार से मुलाकात करने वालीं थीं। लेकिन उद्धव ठाकरे की तबीयत खराब होने की वजह से यह मुलाकात नहीं हो पाएगी। अब ममता बनर्जी सिर्फ राकांपा प्रमुख शरद पवार से ही मुलाकात करेंगी।

## हरि कुमार ने संभाला नौसेना प्रमुख का पदभार, मां के पैर छूकर लिया आशीर्वाद



**नई दिल्ली।** एडमिरल आर हरि कुमार ने मंगलवार को नौसेना प्रमुख प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया है। इस पदभार से पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। गार्ड ऑफ ऑनर मिलने के बाद हरि कुमार काफी भावुक दिखे। उन्होंने अपनी मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उनके गले से लिपट गए। इस दौरान उनकी मां भी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने एडमिरल केबी सिंह की जगह ली। 30 महीने के कार्यकाल के बाद केबी सिंह आज सेवानिवृत्त हो गए। एडमिरल आर हरि कुमार ने एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के हिस्से के तौर पर बने थिएटर कमांड स्ट्रक्चर की मूल स्थापना में अहम भूमिका निभाई है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नौ सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। भारत की समुद्री सीमा की चुनौतियों और हितों के लिए आगे भी काम होता रहेगा।

## प्रियंका गांधी से मिलने को यूपी कांग्रेस कार्यालय के बाहर धरना दे रहे राजस्थान के सैकड़ों बेरोजगार युवा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में राजस्थान के बेरोजगार युवाओं को धरने को आज तीन दिन पूरे हो गए हैं। ये युवा अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से मिलने यूपी कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे हैं। लेकिन इन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा है। कड़ाके की ठंड में लखनऊ स्थित यूपी कांग्रेस मुख्यालय के बाहर सड़कों पर सोने और अनशन के कारण कई युवाओं की तबीयत बिगड़ चुकी है। कुछ साथी अस्पताल में भर्ती है। लेकिन राजस्थान के बेरोजगारों का उत्तर प्रदेश में धरना चौथे दिन भी जारी है। इस बीच, राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव ने अपने इरादों को साफ करते हुए कहा कि हम हारेंगे नहीं, लड़ेंगे और जीतेंगे अन्यथा हमारी लाशें ही राजस्थान जाएंगी। उपेन यादव ने मंगलवार को ट्वीट करते हुए कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर की सड़क पर कंपकंपाती सर्दी में राजस्थान के बेरोजगार युवा सोते हुए दिखाई दे रहे हैं। ट्वीट में उपेन यादव ने लिखा, देख लीजिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर की युवा बेरोजगारों की तस्वीरें, जहां भी जगह मिल रही है वहीं बेरोजगार कड़कड़ाती सर्दी में सो रहा हैं। कोई टेबल के नीचे सो रहा है तो कोई होर्डिंग्स के नीचे सो रहा है, हम लेकिन हारेंगे नहीं लड़ेंगे और जीतेंगे, अन्यथा हमारी लाशें ही राजस्थान आएंगी।

## विद्यार्थियों की रिपोर्ट आई पाजिटिव, नया वेरिएंट तो नहीं, जांच के लिए दिल्ली भेजे जाएंगे सैंपल

ग्वालियर। कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, वहीं नया वेरिएंट ओमीक्रोन के आने के बाद यह खतरा और बढ़ गया है। टेकनपुर में दो छात्रों के कोरोना पाजिटिव मिलने की खबर के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के भी हाथ पैर फूले हुए हैं। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग दोनों छात्रों के सैंपलों को जांच के लिए दिल्ली में भेजेगा, यह सैंपल आज भेजे जाएंगे। वहीं शहर में अभी भी तीसरी लहर का खतरा टला नहीं है, क्योंकि कोरोना का यह नया वेरिएंट काफी तेजी के साथ फैलता। इसके कारण देश में तीसरी लहर आने का अंदेशा सता रहा है।

## मप्र में बारिश की संभावना

**भोपाल।** सर्द हवाओं के चलते वातावरण में सिहरन बढ़ गई हो, लेकिन मौसम के मिजाज में एक बार फिर बदलाव होने जा रहा है। बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर में बन रहे सिस्टम के अलावा एक पश्चिमी विक्षोभ भी मंगलवार को उत्तर भारत में दाखिल होने जा रहा है। वेदर सिस्टम के सक्रिय होने से हवाओं के साथ नमी आने लगी है। बुधवार-गुरूवार को बारिश भी हो सकती है।

## शराब की तस्करी पर पैनी नजर रखेगा ड्रोन



**पटना।** बिहार में शराब तस्करों पर लगाम लगाने के लिए मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसके तहत विभाग ने हर जिले में 50 किमी की दूरी पर एक गश्ती दल लगाया है। यह गश्ती दल सड़क से लेकर नदियों तक शराब की तस्करी पर पैनी नजर रखेगा और इसके लिए ड्रोन की मदद ली जाएगी। इसके अलावा शराब पीने वालों की धर-पकड़ तेज करने के लिए विभाग ने उपयुक्त संख्या में ब्रेथ एनालाइजर की खरीद की निविदा निकाली है। इसे हर गश्तीदल को दिया जायेगा। वहीं गुप्त सूचना देने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हे इनाम दिया जायेगा। जिलों में छापेमारी और गश्ती के लिए गाड़ी और इंधन की व्यवस्था की जा रही है। एक अन्य कदम के रूप में नीतीश कुमार की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने के बाद अब निजी क्षेत्र पर भी शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। इसके तहत शराबियों को नौकरी नहीं देने का कदम उठाया जा सकता है।

## प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा विभाग को अवमानना नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट ने अपने पूर्व आदेश की नाफरमानी के रवैये को गंभीरता से लेकर राज्य के प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा को अवमानना नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांग लिया है। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने यह स्पष्ट करने कहा है कि पूर्व आदेश के बावजूद याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निर्धारित समय पर निराकरण क्यों नहीं किया गया। चार सप्ताह के भीतर वस्तुस्थिति साफ करने कहा गया है। ऐसा न किए जाने पर अवमानना की सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। कोर्ट ने साफ किया है कि इस तरह पूर्व आदेश-निर्देश को हल्के में लेना उचित नहीं है। याचिकाकर्ता मयंक मोहन निगम की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता शासकीय पालिटेक्निक कालेज में कार्यरत था। फरवरी माह में उसे भ्रष्ट आचरण के चलते सस्पेंड कर दिया गया। याचिकाकर्ता को सस्पेंशन अलाउंस भी नहीं दिया गया। हाई कोर्ट ने इस मामले में 29 सितंबर, 2021 को प्रमुख सचिव को निर्देश दिए थे कि 45 दिन के भीतर याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का उचित आदेश पारित कर निराकरण करें। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की। चूंकि निर्धारि 60 दिन बीतने के बाद भी प्रमुख सचिव ने अभ्यावेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया, इसलिए अवमानना याचिका दायर करने विवश होना पड़ा। याचिकाकर्ता ने चार अक्टूबर को प्रमुख सचिव को अभ्यावेदन पेश कर दिया था और रिसीविंग भी ली थी।

ईगल बैटरी

डीलर-एक्साइड बैटरी

सभी गाड़ियों की बैटरी

EXIDE

MICROTEK

पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग

जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

## कार निर्माताओं को 100 फीसदी बायो-एथेनॉल पर चलने वाले इंजन बनाने के निर्देश देंगे गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी महंगे पेट्रोल-डीजल से छुटकारा देने के लिए एक बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं। सोमवार को एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं अगले 2-3 दिनों में एक फाइल पर हस्ताक्षर करने जा रहा हूं, जिसमें कार निर्माताओं को 100 फीसदी बायो-एथेनॉल से चलने वाले इंजन बनाने के लिए कहा जाएगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार एथेनॉल की बढ़ी हुई आपूर्ति के साथ फ्लेक्स-फ्यूल इंजन वाले वाहनों को जल्द से जल्द पेश करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि 100 फीसदी बायो-एथेनॉल पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के रोलआउट के साथ ही एथेनॉल की मांग तुरंत 4 से 5 गुना तक बढ़ जाएगी।


# अनुच्छेद 370 के नाम पर स्पोर्ट्स लीग शुरू करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के तहत मिले विशेष दर्जे को दो साल पहले ही रद्द कर दिया था। हालांकि, भाजपा के कई हलकों में इसकी गूंज अभी भी जारी है। ताजा मामला गुजरात का है, जहां भाजपा अनुच्छेद 370 के नाम पर ही एक स्पोर्ट्स लीग शुरू करने वाली है। बताया गया है कि इस लीग का आयोजन गृह मंत्री अमित शाह के संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में किया जाएगा और इसमें क्रिकेट और कबड्डी जैसे खेलों के मुकाबले रखे जाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीग का पूरा नाम गांधीनगर लोकसभा प्रीमियर लीग 370 (जीएलपीएल 370) होगा। भाजपा का लक्ष्य इसके जरिए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को अपने से जोड़ने का होगा। अहमदाबाद शहर के भाजपा इकाई के महासचिव जीतूभाई पटेल के मुताबिक, इस



लीग का नाम अनुच्छेद 370 पर रखा गया है, जिसे 2019 में अमित शाह जी के नेतृत्व में रद्द किया गया था। इस टूर्नामेंट को दिसंबर के मध्य में शुरू करने की योजना है। बताया गया है कि भाजपा ने लीग में क्रिकेट और कबड्डी के लिए हर वॉर्ड से दो टीमें (एक क्रिकेट और एक कबड्डी की टीम) शामिल करने का लक्ष्य रखा है। जिन सात विधानसभा सीटों से यह टीमें चुनकर आएंगी, उनमें वेजलपुर, घाटलोदिया, नरनपुरा, साबरमती, कलोल, गांधीनगर (उत्तर) और साणंद शामिल हैं। फिलहाल इस लीग को सिर्फ पुरुषों के लिए ही तय किया गया है। इसमें क्रिकेट मैचों को टेनिस बॉल से खिलाया जाएगा। इसके विज्ञापनों के लिए व्हाट्सएप ग्रुप्स का इस्तेमाल होगा, जो इसका प्रचार-प्रसार करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2007 से ही गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) से जुड़े रहे हैं। उन्होंने राज्य खेल संघ में कांग्रेस नेताओं के 16 साल के वर्चस्व को खत्म करने में काफी अहम भूमिका निभाई है। नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

# रेलवे में शुरू हुई कम्प्यूटराइज्ड सिंगल कार टेस्टरिंग मशीन से कोच एयरब्रेक की टेस्टिंग



### डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण में पमरे अग्रसर

**कटनी।** रेलवे को आत्मनिर्भर बनाने में डिजिटल इंडिया की तरफ सराहनीय कदम उठाए जा रहे है। इसी श्रंखला में पश्चिम मध्य रेल हमेशा ही डिजिटलीकरण और नई आधुनिक तकनीक मशीनों का उपयोग करने में अग्रणी रहा है। गौरतलब है कि रेलवे कोचिंग डिपों में मैन्युवल मशीनों के स्थान पर अब नई आधुनिक तकनीक की कंप्यूटराइज्ड मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। नई आधुनिक तकनीक की मशीनों के उपयोग से कार्यो में तेजी आयी है। कंप्यूटराइज सिंगल कार टेस्ट रिंग मशीन का उपयोग एक सिंगल कोच के एयर ब्रेक टेस्टिंग के लिए किया जाता है। कंप्यूटराइज्ड सिंगल कार टेस्ट रिंग मशीन द्वारा एक कोच के विभिन्न टेस्ट किये जाते हैं। इन टेस्टों से कोचों की सेफ्टी में बढ़ोत्तरी होती है। ट्रेन परिचालन की सरंक्षा भी बढ़ती है। जिससे ब्रेक लगने में पॉवर में कमी नहीं आती है। इस टेस्टिंग से ट्रेन के कोच में यात्रियों का संचालन सुगमता से होता है। इससे पहले इन टेस्टों को कन्वेंशनल सिंगल कार टेस्टिंग रिंग मशीन द्वारा किया जाता था। कन्वेंशनल सिंगल कार टेस्ट रिंग मशीन मैं टेस्ट की एक्यूरेसी कम होती थी तथा एक टेस्ट को करने के लिए स्टाफ को मशीन के सामने हमेशा खड़ा रहना पड़ता था। कन्वेंशनल मशीन को वॉल्व से ऑपरेट करने की जरूरत होती थी। कन्वेंशनल सिंगल कार टेस्ट रिंग मशीन में रिपोर्ट फॉरमैट को ऑपरेटर द्वारा स्वयं ही भरा जाता है। इससे रेलवे के राजस्व में बढ़ोत्तरी और उसकी दक्षता में भी बढ़ावा मिलेगा। कंप्यूटराइज्ड सिंगल कार टेस्ट रिंग नयी आधुनिक मशीन से कई फायदे हैं।

### इतने टेस्ट में कामगार नई मशीन

-लीकेज टेस्ट।
-ब्रेक एप्लीकेशन एंड रिलीज टेस्ट।
-सेंसटिविटी एवं इनसेंसटिविटी टेस्ट।
-इमरजेंसी एवं ग्रडूएटेड ब्रेक एप्लीकेशन एंड रिलीज टेस्ट।

नई मशीन के कई फायदे

-कंप्यूटराइज सिंगल कार टेस्टिंग मशीन में सभी रीडिंग डिजिटल एवं एक्यूरेटे प्राप्त होती है।
-इससे कई प्रकार के टेस्ट मुख्य टेस्ट एक क्लिक द्वारा ऑटोमेटिक हो जाते हैं।
-स्टाफ को मशीन के सामने हमेशा खड़े रहने की जरूरत नहीं होती है।
-कंप्यूटराइज सिंगल कार टेस्ट रिंग मशीन में एक टच स्क्रीन डिस्प्ले है, जिसके द्वारा मशीन के सभी टेस्ट टच स्क्रीन मैं क्लिक करने पर ही हो जाते हैं।
-कंप्यूटराइज सिंगल कार टेस्ट रिंग मशीन में सभी टेस्ट कंप्लीट हो जाने पर रिपोर्ट ऑटोमेटेकली जनरेट हो जाता है। इसे प्रिंटर के द्वारा प्रिंट कर लिया जाता है।



# रेलवे ने मझगवां-टिकरिया रेलखण्ड पर भी स्थापित किया आईबीएस सिस्टम

### बढ़ेगी ट्रेनों रफ्तार, होगी समय की बचत

**कटनी।** रेलवे में इंटरमीडिएट ब्लॉक सिगनलिंग व्यवस्था (आईबीएस प्रणाली) से डबल लाइन सेक्शन पर रेलखंड क्षमता बढ़ाने के लिए की जाती है। आईबीएस एक लंबी रेलखंड को दो खंडों में विभाजित कर ज्यादा रेल गाड़ियां चलाई जा सकती है। वर्ष 2021-22 में पश्चिम मध्य रेल ने बगरतावा-गुरमखेड़ी रेलखण्ड और कटंगिखुर्द-सलहना रेलखण्ड पर 02 आईबीएस पहले ही स्थापित कर दिये हैं। वहीं जबलपुर मण्डल के टिकरिया-मझगवां रेलखण्डों में नये आईबीएस स्थापित किये गये है। अर्थात पमरे ने वर्ष 2021-22 में अब तक कुल 03 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिगनल (आईबीएस) प्रणाली स्थापित कर दिया गया है। इससे इन खंडों के सेक्शन क्षमता में वृद्धि होगी एवं ट्रेनों की स्पीड भी बढ़ेगी। आईबीएस में ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट की आवश्यकता नहीं होती है तथा नहीं स्टेशन मास्टर और ऑपरेटिंग स्टाफ की आवश्यकता होती है] जिससे ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट] स्टेशन बिल्डिंग और ऑपरेटिंग स्टॉप पर होने वाले खर्च की बचत होती है। यह पूर्णतः इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर आधारित है। आईबीएस प्रणाली रेलगाड़ियों की निकटता को कम से कम करती है और ट्रेन की गति को बढ़ाती है, जिससे समय की बचत होती है।






# वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई घोषित

**कटनी।**

मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता कि सहमति से कटनी इकाई जिलाध्यक्ष मनीष त्रिसोलिया ने गत दिवस अपनी नवीन कार्यकारणी की घोषणा की है तदानुसार उपाध्यक्ष नरेन्द्र खंताल, रमेश गुप्ता, एड सुरेश सोनी, एड. संदीप नायक, सुरेन्द्र सोनी, नीरज चौदहा, आशीष जैन, केवल गुप्ता, महामंत्री दिलबहार गुप्ता, कोषाध्यक्ष गणेश गुप्ता, संयुक्त मंत्री बृजेश गट्टानी, मोहित बहरे, कमल बड़ेरिया, राघवेन्द्र गोयनका, संजय सोनी, सुनील पुरवार, संगठन मंत्री आकेत जैन, कार्यालय मंत्री विनय कंदेले, सह कार्यालय मंत्री चंचल कनकने, मंत्री अनिल नेमा, पुलकित सराफ, नितिन टीपा, संदीप पुरवार, विकास अग्रवाल, प्रदीप साहू, मीडिया प्रभारी गोपाल सिंघानिया, प्रचार मंत्री संजय गुप्ता, सह प्रचार मंत्री मनीष सेकसरिया, नगर प्रभारी कुलभूषण पुरवार, नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ट संयोजक डॉ हजारी लाल नौगरैया, विधि प्रकोष्ट संयोजक एड कमलेश जैसवाल, इंजीनियरिंग प्रकोष्ट संयोजक रवि कास्त्वार, साहित्य प्रकोष्ट संयोजक श्रीमती अर्चना सोनी, सांस्कृतिक प्रकोष्ट संयोजक प्रमोद सोनी, कार्यकारणी सदस्य संचित जैन, रंगेश गोयनका, अमित बजाज, प्रभांशु वैश्य, अभिनन्दन सरावगी, राजू गुप्ता, आकाश ताम्रकार, सलिल कनकने, अभय ताम्रकार, अग्रज लहरिया, कमलकांत नायक, प्रभात नायक, वैभव अग्रवाल हैं उपरोक्त नियुक्ति पर बधाई प्रेषित करते हुए वैश्य महासम्मेलन के सन्देश जैन, दयाशंकर कनकने, सुरेश सोनी, डॉ अशोक चौदहा, रामदयाल गुप्ता, श्रीमती सीमा जैन, बालमुकुंद गुप्ता, जयंती खंताल, सचिन बहरे, आशीष जैन, मुकेश चंदेरिया आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे संगठन कि परगति तथा समाज के उत्थान हेतु प्रयासरत रहेंगे।

# नियम से चला रहे थे ऑटो, परिवहन अधिकारी ने किया चालकों को पुरस्कृत

### नियम विरूद्ध ऑटो चलाने वाले चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर की जा रही है कार्रवाई





**कटनी।** प्रदेश भर में माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर नियम विरूद्ध ऑटो चलाने वाले चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिले में भी परिवहन विभाग लगातार अभियान चला रहा है। परिवहन विभाग जहां नियमों का पालन न करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की तो वहीं नियमों का पालन कर वाहन चलाने वालों को नकद राशि से पुरस्कृत भी किया। सोमवार को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रमा दुबे ने स्टॉफ के साथ शहर के मुख्य स्टेशन, मुड़वारा स्टेशन पहुंची। जहां पर ऑटो चालक टीम को देखकर भागने लगे। एआरटीओ ने चालकों को रोका और उन्हें वाहनों के सभी दस्तावेज पूर्ण कराते हुए वाहन चलाने की समझाइश दी। साथ ही वाहन चालकों को इस बात की भी जानकारी दी कि वाहन चलाने के लिए कौन-कौन से दस्तावेज आवश्यक हैं। इस दौरान ऑटो चालक सूर्यनाथ कुशवाहा, आनंद कुमार, सतेन्द्र कुमार और प्रमोद पटेल के वाहन संबंधी दस्तावेज पूर्ण पाए गए। एआरटीओ ने चारों चालकों को नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। साथ ही जिन ऑटो चालकों के दस्तावेज पूर्ण नहीं थे, उनको कार्यालय पहुंचकर दस्तावेज पूर्ण कराने के निर्देश दिए। चालकों को वैध दस्तावेजों के साथ ही वाहन चलाने की शपथ भी दिलाई गई।

### 92 ऑटो चालकों पर हो चुकी है कार्रवाई

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के साथ ही जिले में भी ऑटो चालकों की जांच का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक अभियान में 92 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में 92 वाहनों को जब्त किया गया है और कुछ प्रकरणों का निराकरण कर शमन शुल्क वसूला गया है।

# दिव्यांग बच्चों का सामर्थ्य प्रदर्शन 3 दिसम्बर को

***फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृति कार्यक्रम भी होंगें आयोजित***

**कटनी।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कटनी ने बताया कि विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर जिलास्तरीय दिव्यांग बच्चों का सामर्थ्य प्रदर्शन एवं क्रीड़ा प्रतियोगित तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 3 दिसम्बर 2021 को प्रातः 10 बजे से होगा। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में छिपी प्रतिभा को समाज के सामने लाने की दृष्टि से यह कार्यक्रम फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में आयोजित किया जायेगा। जिसमें सांय अपरान्ह 3 बजे से पुरुस्कार वितरण एवं समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित होगा।



# विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों का करें निराकरण-सीईओ

**कटनी।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने लंबित पत्रों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ श्री गोमे ने सीएम हेल्प लाइन, 300 दिवस, 100 दिवस, सीएम हाउस व सीएम मॉनिट के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों की शिकायतों की संख्या अधिक है, वे तत्काल उनका निराकरण कराएं। सीईओ श्री गोमे ने अवकाश के दिनों में कार्यालय में बैठकर प्रकरणों का निराकरण कराने के भी निर्देश दिए। सीईओ श्री गोमे ने लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निराकरण के निर्देश प्रदान किए। जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्कूलों पेयजल की उपलब्धता के लिए बिजली कनेक्शन कई स्थानों पर उपलब्ध न होने को लेकर सीईओ जिला पंचायत ने महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बिजली विभाग से मिलकर कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किए। स्थानीय निर्वाचन को लेकर सीईओ श्री गोमे ने राज्य स्तर से मांगी जा रही जानकारी प्राथमिकता के साथ भेजने के भी निर्देश टीएल बैठक में प्रदान किए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# सैप्टिक टैंकों की जियो टैगिंग कर नागरिकों को दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की गतिविधियों के तहत शासन के नवीन दिशानिर्देशों के पालन में नगर को ओ.डी.एफ प्लस में बनें रहने के लिए कुल सैप्टिक टैंकों की संख्या के एक तिहाई हिस्से को जियो टैगिंग किया जाना अनिवार्य है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सुनील सिंह नें बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिह धाकरे के निर्देशन में शासन निर्देशानुसार जियो टैगिंग की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस निगम की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा नगर के चन्द्र शेखर आजाद वार्ड एवं संत कवरराम वार्ड में अभियान आयोजित किया जाकर विभिन्न नागरिकों से संपर्क किया गया। अभियान के दौरान नागरिकों के घरों में स्थित सैप्टिक टैंकों की जानकारी ली जाकर जियो टैगिंग का कार्य कराया जाकर नागरिकों को सर्वेक्षण की गतिविधियों से अवगत कराते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव लानें हेतु संत कवरराम वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कैरिन लाईन स्कूल के बच्चों के साथ स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाकर घरों से निकलनें वाले गीले सूखे एवं हानिकारक कचरे के प्रकारों से अवगत कराते हुए कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखनें हेतु प्रेरित किया गया।








# सुगम यातायात हेतु मुख्य मार्गो के अस्थाई अतिक्रमण पर की गई कार्यवाही

**कटनी।** नगर के मुख्य मार्गो में नागरिकों को यातायात की सुगम व्यवस्था मुहैया करानें के उद्धेश्य से निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन की अतिक्रमण टीम द्वारा रोजाना दो पालियों के माध्यम से प्रयास किये जा रहे है। अतिक्रमण प्रभारी एस.के.गर्ग नें जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा करानें हेतु अतिक्रमण अमले द्वारा गांधीद्वार मुख्य मार्ग के सामनें झंडा बाजार रोड, सुभाष चौक, सिल्वर टॉकीज मोड पर लगी सब्जी की दुकानों को हटानें की कार्यवाही की गई। दुकानों के बाहर रखें प्रतिष्ठानों के नाम संबंधी स्टेण्ड एवं होर्डिग को हटावाते हुए खडे वाहनों को व्यवस्थित रूप से कराया जाकर सुगम यातायात की व्यवस्था मुहैया करानें के प्रयास किये गए। कोरोना महामारी से बचाव हेतु मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा अनवरत प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में 01 दिसंबर को आयोजित होनें वाले वैक्सीनेशन महाअभियान के प्रचार प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा आज नगर के विभिन्न स्थलों में मुनादी का कार्य कराया गया। अतिक्रमण प्रभारी नें बताया कि वैक्सीनेशन की डोज से वंचित नागरिकों को 01 दिसंबर को आयोजित होनें वाले वैक्सीनेशन महाअभियान की जानकारी प्रदान करनें के उद्धेश्य से आज निगम के वाहन द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्थलों मिशन चौक, सुभाष चौक, दिलबहार चौराहा, चांडक चौक, माधवनगर के विभिन्न स्थलों, झिंझरी में मुनादी का कार्य कराया जाकर नागरिकों से महामारी से बचाव हेतु टीकाकरण करानें की अपील की गई।

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 03 से दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से
तड़प
कलाकार- अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा, सुमित गुलाटी
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 4 शो ता. 26 से दोपहर 12, 3, 6 एवं रात्रि 9 बजे से
अंतिम
(The Final Truth)
कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 12, 3 एवं 6 बजे से
सत्यमेव जयते – 2
कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 30 नवम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## प्रभारी मंत्री का हुआ आगमन,कई कार्यक्रमों में शामिल





**कटनी। जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा का कटनी आगमन पर स्वागत किया गया। इस दौरान कटनी जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने देवरीकलॉ कटनी में हनुमंत कुटी आश्रम में पहुंचकर परम पूज्य संत महंत श्री श्री 1008 सुरेंद्र दासजी महाराज का मंगलमय सान्निध्य आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने भी संगठन के पदाधिकारियों के साथ पूज्य महाराजजी को वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात जिला कार्यालय में प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा का शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ भेंट कर सभी कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया।**

इसके पश्चात प्रभारी मंत्री ने कोरोनाकाल, वेक्सिनेशन में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों, सामान्य लोगों कार्यकर्ताओ का प्रस्तिपत्र देकर सम्मानित किया व पार्टी संगठन में महत्पूर्ण दायित्वों में नियुक्त हुए पदाधिकारियों महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन सोगानी, अनुसूचित जाति मोर्चा के संतकुमार रैदास, सोशल मीडिया जिला संयोजक सचिन तिवारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंजी राजेंद्र कोल का प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, जिलाध्यक्ष, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ममता पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद, रामचंद्र तिवारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी की उपस्तिथि में पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन कर नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं, इसके पश्चात उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यक्रताओ से भेट कर उनके कार्यो समस्याओं को जाना। कार्यालय में जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री चेतन हिंदुजा, भाजपा उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुनील उपाध्याय, गीता गुप्ता, भावना सिंह, किरण जैन, दीपक टंडन सोनी,रामू साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा जैन सोगानी, सह कोषाध्यक्ष अर्पित अग्रवाल, मंत्री अंकिता तिवारी, शिवम शर्मा, कार्यालय मंत्री अंबरीश वर्मा, यज्ञदत्त मिश्रा, मंडल अध्यक्षगण वागीश आनंद, मनीष मिश्रा, जयवंत सिंह चौहान, नितिन पांडे, युवा मोर्चा अध्यक्ष मृदुल मिश्रा, मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला, सोशल मीडिया जिला संयोजक सचिन तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विकास द्विवेदी, भवर सिंह चौहान, सत्यनारायण अग्रहरी, रमेश शुक्ला, कैलाश जैन सोगानी, रवि खरे, सुरेंद्र पांडे, सुभद्रा सोनी, रमेश सोनी, शैलेंद्र त्रिपाठी, शैलेंद्र चनपुरिया, मनोज तिवारी, स्वप्निल पुरवार, बल्ली सोनी, सचिन बहरे, अनुराग त्रिसोलिया, रिंकू कनकने, मनीष त्रिसोलिया, राधेश्याम शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि रही ।

**मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन**

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा, बनाई गई आंदोलन की रूपरेखा



कटनी। मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ महा प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन कटनी में सामुदायिक भवन में किया गया। प्रांताध्यक्ष महेन्द्र शर्मा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श हुआ और आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। संघ द्वारा अंशकालीन कर्मचारियों की नियमित पदस्थापना, कर्मचारियों की वेतन विसंगति को दूर करने, वरिष्ठता का लाभ देने, स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से सफाई आदि का कार्य न कराए जाने सहित अन्य मुद्दों को लेकर बैठक में चर्चा की और सभी मांगों को प्रदेश सरकार के सामने प्रमुखता से रखने का निर्णय लिया गया।

### अजय गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

बैठक के दौरान प्रांताध्यक्ष श्री शर्मा की सहमति से मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष अजय गौतम को प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। गौतम के प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उनका संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्णेश सिंह उइके, नीलेश पौराणिक, राकेश जसूजा, मनोज श्रीवास, अजमुद्दीन शाह, विपिन साहू, आशीष शर्मा, दीपक चांदवानी, नीरज बड़गैंया, रूचि विश्वकर्मा, मनोज डेहरिया, शुकुल बरकड़े, रामनरेश यादव, सदानंद रावते, काशी प्रसाद, मोहित बर्मन सहित अन्य जन मौजूद थे।



## 5 को कटनी आयेगी स्वर्णकार कल्याण यात्रा

**कटनी।** आगामी 5 दिसंबर को मां शारदा मैहर से स्वर्णकार कल्याण जागृति रथ यात्रा का आरंभ होने जा रहा है जो प्रदेश के सभी जिलों से होकर 16 जनवरी 2022 को भोपाल में एक विशाल जनसभा के रूप में संपन्न होगी। इस सिलसिले में कटनी में एक बैठक का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। वजन मांगों को लेकर यात्रा निकाली जा रही उनमें प्रमुख रूप से सवर्ण कला बोर्ड का गठन किया जाए। हॉल मार्क कानून की अनिवार्यता समाप्त की जाए। धारा 411, 412 के दुरुपयोग को रोकने हेतु प्रत्येक थाना लेवल पर स्वर्णकार समिति बनाई जाए। स्वर्णकार समाज की राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए पिछड़ा वर्ग आयोग एवं पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम में स्वर्णकारो को भी सदस्यता दी जाए। स्वर्णकार कारीगरों को हस्तशिल्पी कार्ड जारी किए जाएं। बैठक में राजेश वर्मा, अध्यक्ष मध्यप्रदेश स्वर्णकार जन कल्याण समिति, देवदत्त सोनी मैहर, रथ यात्रा कार्यक्रम आयोजक, शेखर राजा अध्यक्ष, मध्य प्रदेश सरकार संघर्ष समिति के साथ कटनी समाज के वरिष्ठ गिरधारी लाल स्वर्णकार, रामस्वरूप सोनी, ललित सोनी, प्रदीप सोनी, संजय सोनी, जय कुमार सोनी अज्जू, हितेंद्र स्वर्णकार एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## बस स्टेण्ड में सफाई, कॉलोनियों में भी अभियान



**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था हेतु रोजाना किये जा रहे प्रयासों के तहत नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों, नाले नालियों, डिवाईडरों की सफाई की जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नदीपार स्थित बस स्टेण्ड परिसर के विभिन्न स्थलों में झाडू का कार्य कराया जाकर रैन बसेरा, फल दुकानों के सामनें एवं सुलभ कांम्पलेक्स के आसपास के स्थलों के कचरे के प्वाइंटों की सफाई कराई जाकर यात्रियों एवं क्षेत्रीय दुकानदारों को बेहतर सफाई की सुविधा मुहैया करानें के प्रयास किये गए। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षकों के मार्गदर्शन में पुरैनी सब्जी मंडी स्थित मुख्य मार्गो के डिवाईडर के दौनों ओर की सफाई का कार्य कराया गया। जालपा देवी वार्ड राष्ट्रीय स्कूल परिसर के कचरे के उठाव, घंटाघर प्वाइंट, मिशन चौक मुख्य मार्ग, साधूराम स्कूल परिसर, स्टेट बैंक तिराहा, पुरानी कचहरी प्वाइंट, शिवाजी वार्ड मेंन रोड स्वास्थ्य केंद्र के पास, मदन मोहन चौबे वार्ड पानी की टंकी के पास, कावस जी वार्ड मुख्य मार्ग भट्ठा मोहल्ला, कटायेघाट मोड एवं माधवनगर गेट के पास के डिवाईडरों की सफाई हाउसिंग बोर्ड तिराहा के पास सफाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग, डन कॉलोनी तथा जागृति पार्क परिसर के अंदर सफ़ाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगर के मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो के नाले नालियों की सफाई व्यवस्था अन्तर्गत जालपा देवी वार्ड राष्ट्रीय स्कूल के पास नालियों की सफाई, कावस जी वार्ड गढढा टोला रवि कोल जी के घर के सामनें से तिवारी जी के घर तक तथा पूर्व पार्षद श्री संतलाल कोरी के घर के सामनें सामनें नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफ़ाई के माध्यम से सुगम पानी की निकासी तथा नगर के विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरा संग्रहरण के माध्यम से नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए।

## ब्लैक बेल्ट प्राप्त कर शहर को किया गौरवान्वित



**कटनी।** 28 नवम्बर को बरगवा स्थित जंडा ताई कवोन डो क्लब मै मुख्य प्रशिक्षक मास्टर गोपाल सिंह जंडा ब्लैक बेल्ट चतुर्थ डान द्वारा लिया गया, साथ ही प्रशिक्षिका मांडवी मिश्रा ब्लैक बेल्ट तृतीय डान उपस्थित रहीं वहीं क्लब के अन्य सदस्य सतीश सोनी, अजय कनकने, नीलेश शर्मा, प्रकाश पटेल ने अपना सहयोग दिया, अध्यक्ष मोती बजाज ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। ब्लैक बेल्ट परीक्षा में सफल हुए छात्र ईश्वरी जाटव ब्लैक बेल्ट प्रथम डान, रितिक त्रिपाठी ब्लैक बेल्ट प्रथम डान, अमित सक्सेना ब्लैक बेल्ट प्रथम डान, समीर कोरी ब्लैक बेल्ट प्रथम डान ने ब्लैक बेल्ट उत्तिन्न किया! इनके प्रमाण पत्र दक्षिण कोरिया के कुक्किवोन ताइक्कांडो मुख्यालय से जारी किए गए हैं हम इनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.**

**कमांक/7537/प्रवा/वि.अधि./2021 कटनी, दिनांक 08.10.2021**

**द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये)**

**विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक श्री तरूण मोगोरिया आ. श्री आर.एस. मोगोरिया (आविवाहित) साकिन पी.एस.आर.टी 63 पनहाई बस्ती, कैमोर खलवारा तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी एवं आवेदिका कामनी महतो पिता स्व. किशन लाल (आविवाहित) साकिन वार्ड नं. 04, नई माईनस कॉलोनी, क्वार्टर नं. 710, तहसील भटगांव जिला सूरजपुर, छत्तीसगढ़ पिन कोड 497235 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र ए एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपये चालान क्र. 04 दिनांक 23.07.2021 को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं मतदाता परिचय पत्र, अंकसूची सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है । उक्त आवेदन पर आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है । यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 26.11.2021 को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाशक /प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है । नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**आगामी तिथि- 26.11.2021**

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी (म.प्र.)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर**

Website: www.mp.gov.in/pwdmp. Email:eepwdelecibp@mp.nic.in

Tel/Fax.No.0761-2620792

निविदा सूचना निविदा सूचना क्रमांक .19 2021-22/व.ल.लि. जबलपुर, दिनांक 23/11/2021

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित विधुत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू.में) | अमानत की राशि(रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2021_PWDRB_169521_1 | रेल्वे ओव्हर ब्रिज मझगवां फाटक कटनी में बाहृय प्रकाश व्यवस्था कार्य संपादन का कार्य। | Rs.32.16 Lakh | 50,000/- | 5000/- | 6 Month | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 2 | 2021_PWDRB_169542_1 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर के ट्रांसफार्मर एवं 2 सब स्टेशनों के मरम्मत का कार्य। | Rs.14.92 Lakh | 29,850/- | 2000/- | 1 Year | 1. नवीन पंजीकरण एवं अ श्रेणी लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 07/12/2021, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग वि./या. संभाग
जबलपुर

जी-19766/21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश**

E-mall ID :-modgmkat@mp.gov.in

क्रमांक 5544 /खनिज/उ.प्र./ 2021, कटनी, दिनांक 17/11/2021

//सूचना//

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 -क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स / श्री/श्रीमती सिसोदिया माइनिंग प्रा.लि. डायरेक्टर ठाकुर श्री विनय बहादुर सिंह, सत्येन्द्र भवन, रामनिवारा सिंह वार्ड, भट्टा मोहल्ला कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) के द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 26.09.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खरारा नंबर | रकबा (हे.में) | भूमि का प्रकार निजी /अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | मुड़वारा | भटगवां सुनहरा | 328/5 | 4.80 | भूमिस्वामी की सहमति संलग्न | क्वार्टज क्वार्टजाईट | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवरा के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र.

जी-19759/21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

**आम सूचना**

मैं आर.पी.मिश्रा (राधे मिश्रा), एडवोकेट, कटनी द्वारा अपने पक्षकार ध्रुव प्रताप सिंह आत्मज श्री विजयेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम बिजौरी, तहसील बड़वरा, जिला कटनी (म.प्र.) की ओर से आम जनता को सूचित करता हूं कि ग्राम छपरवाह, प.ह.नं. 44 नं.बंदो. 245, रा.नि.मं. मुड़वारा क्रं. 1, जिला कटनी स्थित भूमि खसरा नं. 18/1, 18/2, 18/3, 18/4, 23/3, 23/1, 22/1, 22/3, 22/3, 22/4, 22/2, मेरे पक्षकार की पैतृक संपत्ति है। कुछ भू-माफियाओं के द्वारा उक्त पैतृक संपत्ति को राजस्व अधिकारियों की सांठ-गांठ कर नाजायज तौर पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। उपरोक्त भूमि को क्रय-विक्रय करने हेतु प्रयासरत है, अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय-विक्रय न करें। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा क्रय-विक्रय किया जाता है तो होने वाली क्षतिपूर्ति का जबावदार वह स्वयं होगा।

**आर.पी.मिश्रा (राधे मिश्रा)**
**एडवोकेट**
**जिला एवं सत्र न्यायालय, कटनी (म.प्र.)**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

mgm HOSPITAL We Care with Care

एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist

डॉ.एस.के.सिंह

M.B.B.S., M.S.

सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।

25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।

For Appointment call or Visit

OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM

एम.जी.एम. HOSPITAL

कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

NABH

# कटनी-बीना रेलखण्ड पर थर्ड लाईन के अधोसंरचना कार्य ने पकड़ी रफ्तार

सागर-मकरोनिया एवं इसरवारा-नरयावली के बीच रेलवे करा रहा युद्धस्तर पर कार्य





**कटनी।** पमरे के कटनी-बीना रेलखंड पर तिहरीकरण के कार्य की कुल लंबाई 278 किमी एवं इस परियोजना का अनुमानित लागत रुपये 2630 करोड़ स्वीकृत किया गया है। इसके अंतर्गत बीना मालखेड़ी से खुरई, सागर से नरयावली, मकरोनिया से लिधौराखुर्द और हरदुआ से रीठी तक का 62 किमी कार्य पूराकर लिया गया है।

इसीक्रम में इस रेलखण्ड पर थर्ड लाईन के कार्य मे इसरवारा-नरयावली और सागर-मकरोनिया रेलखण्ड पर तेजी से गति प्रदान करते हुए अधोसंरचना के कार्य में रफ्तार पकड़ी है। इसरवारा और नरयावली दोनों सागर जिले के महत्वपूर्ण स्टेशन है। नरयावली आइओसीएल डिपो के लिए सैटेलाइट स्टेशन की तरह है। भारत के उत्तर और पूर्वी हिस्से के लिए जबलपुर और कटनी स्टेशन से होते हुए माल यातायात के लिए फायदेमंद साबित होगा। इसरवारा क्षेत्र कृषि की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। तीसरी लाइन के बन जाने से बीना-कटनी रेलखंड के मौजूदा रूट की भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिलेगी। यह पश्चिम मध्य रेल का कोल यातायात के लिए बहुत महत्वपूर्ण रेल मार्ग है।

रेलखण्ड पर इसरवारा-नरयावली कुल लंबाई 7 किमी की परियोजना की कुल लागत लगभग रुपये 74 करोड़ है। इस रेलखण्ड पर 1 महत्वपूर्ण पुल, 5 छोट पुल और 2 एलएचएस बनाये जा रहे हैं। सागर और मकरोनिया दोनों सागर जिले के महत्वपूर्ण स्टेशन है। भारत के उत्तर और पूर्वी हिस्से के लिए जबलपुर और कटनी स्टेशन से होते हुए माल यातायात के लिए फायदेमंद साबित होगा। मकरोनिया क्षेत्र कृषि एवं रक्षा (डिफेंस) की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। तीसरी लाइन के बन जाने से बीना-कटनी रेलखंड के मौजूदा रूट के यातायात दबाव को कम करने में मदद मिलेगी।

यह पश्चिम मध्य रेल का कोल यातायात के लिए बहुत महत्वपूर्ण रेल मार्ग है। रेलखण्ड पर सागर-मकरोनिया कुल लंबाई 08 किमी की परियोजना की कुल लागत लगभग रुपये 70 करोड़ रुपये है। इस रेलखण्ड पर 11 पुल और 02 आरओबी बनाये जा रहे है। इन दोनों रेलखण्डों की तिहरीकरण रेल लाइन का कार्य को बल मिलेगा। इस रेलखण्ड को फरवरी 2022 तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



# मुहास की चौपाल में बिजली समस्या पर चर्चा

**कटनी।** रीठी क्षेत्र के ग्राम मुहास में किसान चौपाल का हुआ आयोजन विधायक प्रणय प्रभात पांडेय के निर्देशानुसार भाजपा जिलाउपाध्यक्ष भरत पटेल ने किया। किसान चौपाल में किसानों ने विद्युत वोल्टेज की कमी ट्रांसफार्मर बदलने जैसी अनेको समस्याओं से अवगत कराया तथा विधायक ने संबंधित विभागीय अधिकारी जेई,ईएडीई को तत्काल संबंधित समस्या से निदान दिलाने को कहा। अधिकारियों द्वारा भी विद्युत समस्या को जल्द ही ठीक करने का आश्वासन दिया गया।

गौरतलब है कि रवी की फसल बोवनी पलेवा का कार्य किसानों द्वारा किया जा रहा है जिसमे काफी दिनों से रीठी क्षेत्र में किसानों को बिजली वोल्टेज, ट्रांसफार्मर जलने सहित शासन के निर्देशानुसार किसानों को पर्याप्त आठ दस घंटे बिजली मिलनी चाहिए थी जो किसानों को बिजली की आपूर्ति नही हो पा रही थी, जिसके चलते रीठी क्षेत्र के किसानों में रोष भी व्याप्त था अनेको शिकायतों व टी सी कनेक्सन किसानों द्वारा लिए जाने के बाद भी अनेको जगह बिजली आपूर्ति नही हो पा रही थी जिसकी शिकायत किसानों द्वारा क्षेत्रीय विधायक से लिखित व फोन द्वारा निरंतर की जा रही थी, हालांकि विधायक द्वारा बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से संज्ञान में लेकर किसानों को बिजली प्रदान किये जाने संपर्क भी किया जा रहा था, किसानों को बिजली, पर्याप्त मिल सके को लेकर, बीते सोमवार को मुहास ग्राम में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय विधायक व विजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों व क्षेत्रीय किसानों के बीच बिजली समस्या निदान को लेकर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमलेश पटेल, मिल्लू लाल चक्रवर्ती, किशोरी पटेल एराजकिशोर पटेल रामनाथ पटेल जवाहर राय महेंद्र पटेल जीट्टू पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय सैकड़ों किसानो की उपस्थिति रही है। उल्लेखनीय है कि बिजली समस्या को लेकर बीते कुछ माह पहले कांग्रेस द्वारा वृहद आंदोलन करते हुए रैली निकालकर ज्ञापन दिया गया था साथ ही बीते चार पांच दिन पूर्व, बहोरीबंद विधान सभा के कांग्रेस के युवा नेता अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में, बिजली समस्या को लेकर किसानों को साथ लेकर निकाली गई। जनजागरण यात्रा मुहास, पटेहरा खाम मझगवां आदि ग्रामो में सैकड़ो की संख्या कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए थे।

# टनल के ब्रिज पार करते ही ध्वस्त हुआ ब्रिज का हिस्सा

हाइवे पर स्लीमनाबाद के पास अभी बंद रहेगा वाहनों का आवागमन, खाईनुमा गड्ढ़ों में तब्दील हुई सर्विस रोड

कटनी। बरगी व्यपवर्तन योजना के तहत स्लीमनाबाद में चल रहे टनल निर्माण कार्य ने जहां एक ओर राहत भरी शनिवार को खबर दी थी वहीं सोमवार को बहुत बड़ा नुकसान भी हो गया। टनल के ब्रिज को पार करते ही जैसे सर्विस रोड पर कार्य पहुंचा रविवार की मध्य रात्रि ब्रिज का आधा हिस्सा ध्वस्त हो गया व साथ ही सर्विस रोड पर खाईनुमा बड़े आकार का गड्ढा हो गया। जिससे अब ब्रिज के आधे ध्वस्त हुए हिस्से को बनाने मे अधिक राशि व्यय होगी। वहीं सर्विस रोड पर हुए खाईनुमा आकार के बड़े गड्ढा को समतलीकरण करने एनवीडीए का दल सोमवार को जुटा रहा।



## 2 दिसम्बर को सर्वे करने पहुंचेगा एनएचएआई का दल

एनवीडीए के कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव ने बताया कि टनल कार्य ने ब्रिज को पार कर लिया। उसके बाद यह स्थिति निर्मित हुई है। ब्रिज का आधा हिस्सा धंस गया है। जिस कारण अभी राष्ट्रीय राजमार्ग में आवागमन बंद रहेगा। ध्वस्त हुए ब्रिज के निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लेने 2 दिसम्बर को रुढ़की से एनएचएआई का दल आएगा। उसके बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। हालांकि टनल कार्य अब आगे की ओर बढ़ेगा साथ ही दिसम्बर माह में स्लीमनाबाद नगर के मकान मालिकों को मकान खाली कराने की प्रक्रिया की जाएगी। गौरतलब है कि ब्रिज को पार करने मे टनल कार्य में दो बार बाधा आई। जब एक बार सिंक पोल ब्रिज के ऊपर हुआ था ओर दूसरा दो दिवस पूर्व जब ब्रिज का निचला हिस्सा ध्वस्त हो चुका था लेकिन तीसरी बार में जब टनल कार्य ने ब्रिज को पार किया उसके बाद बड़ी क्षति का आंकलन हुआ जबकि दो दिवस पूर्व ही टनल के ब्रिज को पार करने पर एनवीडीए सहित प्रशासन ने राहत की सांस ली थी। स्वयं प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने आकर स्थिति का जायजा लिया था लेकिन एक दिन बाद यह बड़ी क्षति हो गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि अभी 1 माह तक फोरलेन में आवागमन बंद रह सकता है।

# ओवरलोड व शराब पीकर वाहन चलाने पर 1 लाख 12 हजार रुपए का जुर्माना

न्यायालय ने लगाया अर्थदंड




**कटनी।** वाहनों में ओवरलोड सामग्री ढोना व शराब पीकर वाहन चलाना भारी पड़ गया है। इस पर न्यायालय ने 1,12000 का जुर्माना लगाया है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि 2 भारी वाहनों में 53000 व 49000 की कार्रवाई की गई है। इसमें ओवरलोड परिवहन किया जा रहा था। यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया था। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वारा यह अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। इसी तरह एक मोटरसाइकिल चालक द्वारा शराब पीकर मोटरसाइकिल चलाई जा रही थी। जिस पर 10 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

## झंडा बाजार से पुलिस ने जप्त की मिलावटी धनिया

जांच के लिए भेजा सेम्पल

कटनी। कोतवाली पुलिस द्वारा सोमवार की दोपहर झंडा बाजार में स्थित एक प्रतिष्ठान से मसाला सामग्री जप्त की गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मिलावटी होने की आशंका पर यह कार्रवाई की है लेकिन कार्रवाई के कई घंटे के बीतने के बाद भी पुलिस जानकारी देने से आनाकानी करती रही। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग से कोई भी मौजूद नहीं था। इस मामले को लेकर कोतवाली टीआई अजय सिंह का कहना है कि सामग्री जप्त की गई है। सैंपल जांच के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग को सूचना दी गई है।



# अपने ही पैसों के लिए चक्कर लगा रहे किसान

*आर्थिक मंदी से जूझ रहे जिले के सहकारी बैंक*

**कटनी।** जिला सहकारी बैंकों के हालात बत्त से बत्तर होते जा रहे हैं। यह बात वो किसान कह रहे है जो कई दिनों से अपने ही रुपये निकालने के लिए परेशान हैं। दरअसल बाकल क्षेत्र के किसान खेती किसानी से सम्बंधित कामों के लिए अपने खाते से पैसे निकालने के लिए सहकारी बैंक पहुंचे। जहां उन्हें रुपये देने से माना कर दिया। किसान सतेंद्र सिंह ने बताया सुबह 10 बजे आ जाता हूं। अधिकारी 11-12 बजे आते हैं और 25 हजार का विड्रॉल फार्म भरो तो अधिकारी कहते है 5 हजार ले लो। अब अपने ही रुपये लेने जाओ तो लगता है लोन दे रहे हैं। खाद-बीज लेने जाओ तो रुपये नगद मांगते हैं। बाजार से पैसे लो तो 8 प्रतिशत ब्याज लगता है। किसान गीता आदिवासी ने बताया कि खेत मे बोरिंग के करवाने के बाद अब उनको पैसे देने के लिए सहकारी बैंक के चक्कर काटना पड़ रहा है। गीता बाई आदिवासी ने बताया कि कई दिनों से 1 लाख निकलवाने के लिए बैंक के चक्कर काट रही हूं। अधिकारी बोलते है 10 हजार ले लो। बोरिंग वाले पैसे मांग रहे उन्हें कहा से पैसे दूं। बैंक में पैसे होने पर मैं तो सोची जब चाहे मिल जाएगा लेकिन अब नहीं मिल रहे। बैंक कर्मी सुरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि हमारे पास कई लोग आते है पैसे निकलवाने लेकिन पैसे न होने के कारण दिनभर जमाकर्ताओं के पैसों से किसी को 5 तो किसी को 10 हजार दे रहे हैं। सभी समस्याएं मुख्यालय में बता चुके हैं। कभी कभार तो पैसों को लेकर विवाद भी हो जाता है लेकिन क्या करें, अब कोई अपना ही पैसे निकालने आए न देंगे तो यही होगा।

**जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

# नल जल योजना की पाइपलाइन हुई क्षतिग्रस्त, पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर पर दर्ज किया मामला

**कटनी।** बरही नगर परिषद क्षेत्र मे आईसीएमआर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा नगर में पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है और प्रत्येक वार्ड में पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। शनिवार को इंदवार की नल जल योजना आईएचपी के ठेकेदारों ने उसी स्थान पर हैवी पाइप बिछाने का काम किया। तभी अचानक नगर की पेयजल सप्लाई की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे नगर परिषद को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र के प्रत्येक गांव में आईएचपी के द्वारा नलजल का पाइप लाइन डाली जा रही है जिसमे जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। करीब 350 करोड़ रुपए की नलजल योजना के तहत गांव-गांव पानी पहुंचाने का काम कछुआ गति से चल रहा है। करोड़ों रुपए की इस योजना के ठेकेदार ने बिना अनुमति काम किया है और शासन को राजस्व का जमकर चूना लगाया है, इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा। बताया गया कि आईएचपी के ठेकेदार बिना अनुमति जगह-जगह गड्ढे, सड़क रेलवे व निजी भूमि खोदकर पाइप लाइन डाल दिए है। पाइपलाइन डालने को लेकर प्रोजेक्ट मैनेजर ने नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ अभद्रता कर चुका है। शनिवार को बिचपुरा मार्ग पर बिना अनुमति पाइपलाइन डालने का काम आईएचपी के ठेकेदारों द्वारा किया जा था। तभी नगर की पेयजल सप्लाई का पाइप टूट गया। जिससे नगर परिषद को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। नगर परिषद के सीएमओ ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश यादव पर धारा 294, 506, 427 के तहत मामला दर्ज किया है।

# बिना अनुमति ननि के पार्क में गूंज रही शहनाईयां

## कतिपय अधिकारियों की सांठगांठ से चल रहा मनमानी का खेल



**कटनी।** नगर निगम इन दिनो बिना मालिक को फौज की तर्ज पर चल रहा है। एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां पर नगर निगम के अधिकारियों की सांठगांठ से कुछ लोगों द्वारा नियम-कायदों को ताक पर रखकर सरकारी पार्क में शहनाईयां गूंज रहीं हैं। आपको जानकर ताज्जबु होगा कि इस संबंध में नगर निगम के अधिकारी अपने आप को बेखबर बताते हैं या खबर है तो कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। गौरतलब है कि पार्क में शादी-विवाह जैसे आयोजन की अनुमति नहीं होती है। इसके बाद भी मनमानी चल रही है। 6 जनवरी 2021 मप्र राजपत्र के अनुसार नगरपालिक सीमाओं में विकास समिति एवं गृह निर्माणए मोहल्ला विकास समिति द्वारा सार्वजनिक के लिए चिन्हित किए गए हैं। सार्वजनिक स्थल विवाह स्थलों हेतु उपयोग नहीं किया जाएगा, न ही कोई अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी। उनका उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाएगा जिसके लिए वह चिन्हित किया गया है। इसके बाद भी मनमानी जारी है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्रीय उपयंत्री, क्षेत्रीय सहायक यंत्री, कार्यपालन यंत्री आदि की जिम्मेदारी होती है कि इन तरह की मनमानी पर कार्रवाई करें लेकिन न तो जांच हो रही न कार्रवाई। उद्यान प्रभारी को भी कोई सरोकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित पार्क में रविवार को सेन परिवार का आयोजन धूमधाम से हुआ और नगर नगर निगम का अमला अनजान बना रहा।

### इनका कहना है

पार्क में कोई भी शादी-विवाह के आयोजन की अनुमति नहीं है और ना ही नगर निगम ने अपने किसी पार्क में ऐसा करने की अनुमति दी है। छपरवाह पार्क में पूर्व में एक सूचना पर टेंट आदि हटवाया गया था। यदि फिर से वहां पर शादी का आयोजन हो रहा है तो उसपर कार्रवाई की जाएगी।

**-अश्वनी पांडेय, उपयंत्री नगर निगम व उद्यान प्रभारी।**

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033

Email :- katni@yashbharat.com

# सड़क हादसे में दो युवकों का करुण अंत

### कटनी-विजयराघवगढ़ मार्ग पर भैंसवाही के आगे हरदुआ मोड़ पर हुई दुर्घटना

**कटनी। कटनी- विजयराघवगढ़ मार्ग पर ग्राम भैंसवाही के आगे हरदुआ पुलिया से थोड़ा पहले कल देर शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों का मौके पर ही करुण अंत हो गया जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से जख्मी जख्मी है। हादसे में अपनी जान गंवाने वाला एक युवक विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बरहटा का तथा दूसरा सतना जिले का निवासी है। बताया गया कि मृतक बरहटा में रहकर अमहटा प्रोजेक्ट के तहत किसी ठेका कम्पनी में कार्यरत थे। दुर्घटना को अंजाम देने वाला वाहन चालक तत्काल मौके से फ़रार हो गया था। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 279, 337 एवं 304 के तहत अपराध कायम कर पुलिस वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही।**




प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरहटा निवासी 22 वर्षीय आशु गुप्ता पिता राकेश गुप्ता कल शाम 6 बजे अपने दोस्त 22 वर्षीय शुभम बहेलिया और उसके भाई राहुल बहेलिया के साथ नई यामाहा स्पोर्ट्स आर 1 मोटर साइकिल पर सवार होकर कटनी गए थे। रात्रि लगभग पौने नौ बजे तीनों मोटरसाइकिल से वापस विजयराघवगढ़ की ओर आ रहे थे। रास्ते में भैंसवाही पार करने के बाद हरदुआ पुलिया से थोड़ा पहले मोड़ पर किसी अज्ञात वाहन से मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल चला रहे आशु गुप्ता और पीछे बैठे शुभम बहेलिया सड़क पर जा गिरे। आशु के सर में गंभीर चोट आई जिससे उसने तत्काल दम तोड़ दिया। शुभम बहेलिया की भी मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके भाई राहुल बहेलिया के पैर में चोट होने के कारण वह बच गया। दुर्घटना को अंजाम देने वाला वाहन चालक दुर्घटना के तत्काल बाद वहां से वाहन सहित भाग निकला। कुछ देर बाद वहां से निकलने वाले राहगीरों ने तीन युवकों को अत्यंत जख्मी हालत में सड़क पर पड़े देखकर विजयराघवगढ़ पुलिस को खबर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तीनों को विजयराघवगढ़ शासकीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने आशु गुप्ता और शुभम बहेलिया को मृत घोषित कर दिया। घायल राहुल बहेलिया को भी प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय कटनी रिफ़र कर दिया गया है। विजयराघवगढ़ पुलिस ने मृतक आशु गुप्ता के भाई दीपक गुप्ता से मिली सूचना के बाद अज्ञात वाहन चालक पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही।

### सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सरकार को जारी किया नोटिस, कहा-याचिका की पेंडेंसी चुनाव में बाधा नही

# सरकार चाहे तो रोटेशन का पालन कर करा सकती है निकाय चुनाव !

### सरकार की मंशा में खोट नजर आ रहा कांग्रेस को, कहा-विधानसभा चुनाव के पहले माहौल बिगड़ने के डर से इलेक्शन नही कराना चाहती सरकार

**कटनी। नगर निगमों में मेयर और नगर पालिकाओं में अध्यक्ष के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने एक याचिका के निराकरण के दौरान आरक्षण को सही नही माना था, जिसको लेकर सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई थी। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हो चुकी है। उच्चतम न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुये साफ कर दिया है कि याचिका की पेंडेंसी एमपी सरकार के आड़े नही आएगी। मेयर और अध्यक्ष के आरक्षण के मामले में रोटेशन की प्रकिया को अपनाकर नए सिरे से आरक्षण के अनुच्छेद 243-टी के तहत चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट के इस डायरेक्शन के बाद नगरीय निकाय चुनाव को लेकर एक तरह से सरकार के हाथ खुल गए है। सरकार चाहे तो एमपी के निर्वाचन आयोग को चुनाव कार्यक्रम घोषित करने के लिए कह सकती है, किंतु इसके पहले आरक्षण संबंधी रोटेशन का पालन करना होगा।**




गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में पूरे दो साल का विलम्ब हो चुका है। पहले कोरोना की वजह से चुनाव खिसके और फिर बाद में जैसे तैसे प्रक्रिया आगे बढ़ी तो मेयर और नगर पालिका अध्यक्ष के आरक्षण को लेकर पेंच फंस गया। प्रदेश में कुछ जगह रोटेशन का पालन न किये जाने के चलते हाईकोर्ट में चुनौती दे दी गई। हाईकोर्ट की गवालियर बेंच ने माना कि आरक्षण में त्रुटि हुई है, जिसको लेकर प्रदेश सरकार अपना पक्ष रखने के लिए मामले को सुप्रीम कोर्ट ले गई। कल सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस सीटी रवि कुमार की खंडपीठ मे सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद राज्य सरकार को नोटिस जारी किया।

#### मंशा में नजर आ रहा खोट

कुछ लोगों को सरकार की मंशा में ही खोट नजर आ रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रतिकूल परिस्थितियां होने की वजह से भाजपा सरकार लोकल बॉडी इलेक्शन में जाने से डर रही है। जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष करण सिंह चौहान कहते हैं कि सम्भावित हार की वजह से चुनाव टाले जा रहे है। भाजपा पूरी तरह से मिशन 2023 की तैयारियों में जुट चुकी है। सरकार का भी पूरा फोकस अगले विधानसभा चुनाव पर आ चुका है। 2 साल से भी कम समय बचा है। जाहिर है ऐसे में सरकार कोई भी रिस्क नही लेना चाहती। यदि पंचायत और निकाय चुनाव के नतीजे भाजपा के पक्ष में नही रहे तो इसका सीधा असर विधानसभा चुनाव पर जाएगा और पार्टी अपना माहौल बिगाड़ना नही चाहती। सूत्रों का यह भी कहना है कि यदि दिसम्बर में लोकल इलेक्शन की घोषणा नही हुई तो जनवरी से मतदाता सूची का अपडेट होने का नया पेंच फंस जाएगा और तब तो चुनाव कराना और भी मुश्किल होगा।

#### फंस सकते हैं कई पेंच

सुप्रीम कोर्ट से नोटिस मिलने के बाद सरकार के अगले कदम की प्रतीक्षा है किंतु यह स्पस्ट कर दिया गया है कि आरक्षण में रोटेशन का पालन कर सरकार चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकती है। मतलब साफ है कि कोर्ट के बहाने लोकल बॉडी इलेक्शन को ज्यादा दिनों तक नही रोका जा सकता। एक तरह से सीधा डायरेक्शन देकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के हाथ खोल दिये है। अब सवाल यह है कि क्या प्रदेश सरकार वाकई नगरीय निकाय चुनाव कराने के मूड में है या येन केन प्रकारेण मसले को विवादित बनाये रखकर इलेक्शन टालने के ही मूड में है। मौजूदा हालातों में नगरीय निकाय चुनाव की संभावना न के बराबर है क्योंकि प्रदेश में पंचायत चुनाव की प्रोसिडिंग शुरू हो चुकी है, किंतु कैबिनेट की मीटिंग में पंचायतों के आरक्षण को निरस्त कर 2014 के आरक्षण पर चुनाव कराने संबंधी निर्णय लेकर पंचायत चुनाव को भी विवादित कर दिया गया है। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह सरकार के इस निर्णय को लेकर कोर्ट जाएगी। कांग्रेस का तर्क है कि पुराने आरक्षण से रोटेशन का पालन नही होता और यह सीधे तौर पर जनप्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन है। जाहिर है कांग्रेस यदि केबिनेट के निर्णय को लेकर कोर्ट की शरण मे जाती है तो फिर फैसला कुछ भी हो सकता है। निर्णय यदि केबिनेट के फैसले के खिलाफ आया तो पंचायत चुनाव में भी पेंच फंस जाएगा और ऐसी स्थित में सरकार न तो पंचायत चुनाव अभी इतनी जल्दी करा पाएगी और न ही नगरीय निकाय चुनाव।

#### कार्यकर्ता हताश

दो साल से टल रहे पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अब राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता भी मायूस होने लगे हैं। दो साल से चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग अपने अपने वार्ड और पंचायत क्षेत्र में जनता को जोड़े रखने के लिए लाखों रुपये खर्च कर चुके है। अब उनकी हालत आर्थिक रूप से खराब होती जा रही है। चुनाव की कोई संभावना नही दिखती। आखिर ऐसे में वे कब तक अपने पास से पैसे फूंककर अपना माहौल बनाये रखें।

## गिट्टी का अवैध परिवहन करते हाइवा जप्त

### बरही पुलिस की कार्रवाई



**कटनी।** बरही पुलिस द्वारा गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की है। थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि गस्त दौरान मुखबिर को सूचना मिली कि कमानिया गेट बरही से कटनी रोड की तरफ एक हाईवा अवैध रूप से चोरी की गिट्टी का परिवहन कर जा रहा है। बताए अनुसार कमानिया गेट बरही से प्रधान आरक्षक अजय पाठक, अजीत सिंह व अवधेश प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। हाइवा क्रमांक एम.पी.21एच-2674 का चालक कमानिया गेट के पास आते मिला। जिसे हमराह स्टाफ की मदद से रोककर चालक से नाम पता पूछा जो अपना नाम मोनू चौधरी निवासी ग्राम करौंदीकलां वार्ड 8 थाना बरही बताया। लोड गिट्टी के संबंध में वाहन चालक से टीपी (रायल्टी) एवं वैध दस्तावेज पेश करने के लिए धारा 91 का नोटिस तामील किया जो चालक द्वारा कोई वैध कागजात एवं टीपी पेश नहीं की गई। लगभग 30 हजार रुपये कीमती गिट्टी वाहन सहित जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया।


अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com


## बाइक सवार पिता-पुत्रों को बस ने मारी ठोकर

### तीनों घायल, जबलपुर रिफर



**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र के पोंडी खुर्द में सोमवार को बस और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को चोटें पहुचीं। पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई किया है। बस को थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्यवाहक एसआई राजकुमार झारिया ने बताया कि उमरियापान थाना क्षेत्र के नेगवां निवासी 45 वर्षीय विनोद पटेल अपने पुत्र 12 वर्षीय आशिक पटेल और 13 वर्षीय हरीशचंद्र पटेल को मोटरसाइकिल से ढीमरखेड़ा आधार कार्ड अपडेट कराने लेकर जा रहा था। पोंडी खुर्द में ढीमरखेड़ा की तरफ से आ रही बस क्रमांक एम.पी.20पीए-1207 और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीनों को चोटें पहुचीं। तीनों को उपचार के लिए उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जबलपुर अस्पताल के लिए रिफर किया गया है।





























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)